# विद्यार्थियों में ईमानदारी व सतर्कता के मूल्यों को प्रोत्साहित करें

संवाद सहयोगी, जागरण● बर्नपुर : सेल-इस्पात इस्को स्टील प्लांट में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के तहत उत्कर्ष अंतर विद्यालयीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कांफ्लूएंस सभागार में किया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी है। तीन माह का जागरूकता अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 तक चल रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में नैतिकता, पारदर्शिता, ईमानदारी और सतर्कता के मूल्यों को प्रोत्साहित करना है।

इसी कड़ी में आइएसपी सतर्कता विभाग ने विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। आसनसोल, बर्नपुर एवं कुल्टी क्षेत्र के 10 विद्यालयों के कुल 48 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन अभिलाष शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (प्रशिक्षण एवं जनसंपर्क प्रबंधन) और विकास कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (टाउन सर्विसेज) द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बर्नपुर रिवरसाइड स्कूल की सुश्री शिर्षा चट्टराज कक्षा दस एवं बास्वर चट्टराज कक्षा आठ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।



मंगलवार को इस्को स्टील प्लांट बर्नपुर मे आयोजित प्रतियोगिता के विजेता, उपविजेता छात्री के साथ आइएसपी अधिकारी ● जागरण

दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के आयुष चौधरी कक्षा 11 एवं आद्रीज दास कक्षा 11 की टीम ने प्रथम उपविजेता का स्थान हासिल किया, जबकि बर्नपुर रिवरसाइड स्कूल के ही नितिन कृष्णा कक्षा 11 एवं आकर्ष ठाकुर कक्षा नौ की टीम द्वितीय उपविजेता रही। जितेंद्र यादव सापकले मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में जिज्ञासा, टीमवर्क, और नैतिक मूल्यों के प्रति समझ को सशक्त बनाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर जितेंद्र यादव एवं एसीवीओ और अजय कुमार भास्कर महाप्रबंधक (सतर्कता) ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं एवं सतर्कता और ईमानदारी के मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।